Need to expedite construction of bridge over Punpun river in Aurangabad district, Bihar-laid

श्री महाबली सिंह (काराकाट): मैं सरकार का ध्यान पुनपुन नदी पर पुल बनाने के संबंध में आकर्षित करना चाहता हूँ । मेरे संसदीय क्षेत्र के अन्तर्गत औरंगाबाद जिला के गोह प्रखंड के पंचायत- मीरपुर के ग्राम - अंकुरी और हसपुरा प्रखण्ड के पंचायत नलहरा के ग्राम- जखौरा के बीच में पुनपुन नदी पर पुल नहीं बनाने के कारण नाव से इस पार से उस पार जाने के कारण लगातार सैकड़ों लोगों की मृत्यु हो चुकी है । जबकि नदी के इस पार और उस पार प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (PMGSY) रोड भी है, ये पुल बन जाने पर गोह प्रखण्ड और हसपुरा प्रखण्ड की दूरी काफी कम हो जाएगी, और देवकुंड तीर्थ धाम एव अरवल होते हुए पटना जाने में काफी आसानी होगी । यह क्षेत्र नकस्ल प्रभावी क्षेत्र है नक्सली गतविधियों पर काबू पाने में पुलिस को भी बहुत कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है । पुल के अभाव में नक्सली अपने कार्यो में सफलता पा जाते हैं ।

अत: मैं सरकार से मांग करता हूँ कि ग्राम- अंकुरी और ग्राम- जखौरा के बीच में पुनपुन नदी पर पुल अतिशीघ्र बनाया जाए ।